कृषक वंदना किसानों के लिये आज एक आन्दोलन है – डॉ. जुयाल
नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. पी.डी. जुयाल की कृषक वंदना को सौजन्य भेंट

जबलपुर। आज दिनांकः 05.10.2019 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी ने ''कृषक वंदना'' जो कि भारतवर्ष की सर्वोत्तम हिन्दी मासिक कृषि पत्रिका के कार्यालय में सौजन्य भेंट दी। डॉ. जुयाल जी ने कृषक वंदना पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त कर, कृषि, पशुपालन, उद्यान व कृषि अभियांत्रिकी के साथ ही डेयरी, मुर्गीपालन, मछली पालन विषयों से संबंधित तकनीकी कृषि साहित्यों का अवलोकन किया एवं विगत 23 वर्षों से संचालित कृषक वंदना के संपूर्ण अंकों का अवलोकन करते हुये कहा कि कृषक वंदना द्वारा अति सीमित संसाधनों के बावजूद भी किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप बहुत ही ज्ञान उपयोगी एवं मूल्यवान कृषि साहित्य लेकिन बहुत अधिक सस्ती कीमत के साथ प्रकाशन कर किसानों के लिये एक किसान आन्दोलन की तरह कृषकों व पशुपालकों के हितार्थ अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है, जो कि अपने आप में एक अनुकरणीय कदम है।

विषम परिस्थितियों एवं अत्यन्त सीमित साधनों के तहत प्रकाशित हो रहे इस कृषि साहित्य की प्रशंसा करते हुये कहा इसे व्यासायिक दृष्टिकोण से दूर रखते हुये इसकी लोकप्रियता अर्जित कर कृषक वंदना ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। आशा है, प्रदेश व देश के कृषक निश्चित तौर पर लाभान्वित होते रहे हैं और भविष्य में भी कृषि साहित्यों के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लक्ष्य **''कृषकों की आमदनी दो गुनी''** करने में मील का पत्थर साबित होंगें। उन्होंने कहा कि कृषक वंदना नवोचार की ओर विशेष रूप से जानकारी कृषकों के द्वार तक पहुँचाने में अग्रणी है। इस अवसर पर कृषक वंदना की गतिविधियों की आपने भूरि–भूरि प्रशंसा की है, साथ ही आव्हान किया कि कृषक वंदना परिवार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत् रहेगा व शुभकामनायें प्रेषित की है।

कार्यक्रम में माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदोपरान्त कृषक वंदना सर्वोत्तम हिन्दी मासिक कृषि पत्रिका के माह अक्टूबर–2019 का विमोचन किया। इस अवसर पर डॉ.रामानुज पटैल, संस्थापक, डॉ. अनिल कुमार गौर, ने तिलक लगाकर पुष्पाहारों से आत्मीय स्वागत किया। साथ ही श्रीमती प्रीति पटैल, प्रबंध सम्पादक, सुश्री विद्या देवी, सह–सम्पादक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक अभिनन्दन किया तथा इस अवसर पर कृषक वंदना परिवार के श्रीमती अभिलाषा श्रीवास्तव, श्रीमती नीलम मेहरा, श्री ओंकार प्रसाद कुशवाहा एवं श्री गणेश प्रसाद यादव के साथ कृषक वंदना परिवार के सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। डॉ. जी.पी.यादव के संचालन एवं डॉ.ए.के.गौर के आभारोपरान्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)